साध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
हल्द्वानी • मंगलवार • 13 सितंबर 2016

भारत-नेपाल बार्डर के गांवों में होगा उजाला

एसएसबी सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को उपलब्ध करा रहा सोलर उपकरण

हल्द्वानी

नवनीत सिंह

भारत-नेपाल बार्डर से लगे गांवों में विकास की किरण पहुंचाने की कवायद की जा रही है। इस आधुनिक युग में सीमा से सटे गांव अब तक बिजली की सुविधा से वंचित है। अब सशस्त्र सीमा बल इन गांवों को रोशनी से जगमग करने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत-नेपाल सीमा स्थित दर्जन गांवों में अब तक बिजली व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण विद्युत पोलों के सहारे यहां बिजली पहुंचाना आसान नहीं। ऐसे में सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) आगे आया है। इसकी मंगलवार से शुरुआत भी कर दी गई है। काठगोदाम स्थित आवागमन शिविर में भारत-नेपाल सीमा के चूखा, खेती, सीमा, गंगसेर, संगसम, गुंजी, गब्यांग, किरतपुर, कोहिपुर समेत 10 गांवों के लिए 250 सोलर उपकरण उपलब्ध कराये गए। इस मौके पर ग्राम प्रधानों को यह उपकरण सौंपकर इनके संचालन आदि के बारे में भी बताया गया। यह सोलर उपकरण स्केल संस्था के सहयोग से एसएसबी को उपलब्ध कराए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले साल भी इस संस्था ने भारत-चीन सेमा के सटे गांवों में आईटीबीपी की मदद से सोलर लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था की थी।